nt>

Title: Urgent need to improve basic telephone services in Jammu & Kashmir.

श्री मदन लाल शर्मा (जम्मू) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी विसासत से मजमुंई तौर से सारी रियासत जम्मू-काश्मीर और खास कर अपने क्षेत्र जम्मू, पुंछ कांस्टीट्यूएंसी में बार्डर के साथ रहने वाले लाखों लोगों की तरफ दिलाना चाहता हूं, जो टेलीफोन फेसिलटी से महरूम हैं।

अध्यक्ष महोदय, टेलीफोन आज जिन्दगी का अहम हिस्सा बन गया है, लेकिन गवर्नमेंट की तरफ से एक हिदायत है कि within the radius of 10 km. आप मोबाइल टेलीफोन नहीं चला सकते, उसकी अनुमति नहीं है, लेकिन लैंड लाइन का काम पिछले दो साल से मरकज़ी सरकार ने बंद कर रखा है। हमारे हजारों गांव कठुआ से लेकर पुंछ, लेह तक साथ-साथ लगते हैं, उन्हें 20-20 किलोमीटर पीछे टाउन में आकर टेलीफोन मिलता है। वहां बहुत से लोगों के पास रोजगार नहीं है, जो आर्मी के अंदर हैं उनके परिवार के लोग अगर उनसे बात करना चाहते हैं तो उनके लिए वहां यह फेसिलटी मुहैया नहीं है। लिहाज़ा मैं आपकी विसासत से सरकार से और टेली कम्युनिकेशन मिनिस्ट्री से इस्तदा करना चाहता हूं कि अगर आप यह शर्त नहीं हटा सकते, वहां बार्डर के साथ रहने वाले लोगों के लिए मोबाइल टेलीफोन नहीं चला सकते तो लैंड लाइन का जो काम पिछले दो साल से बंद कर रखा है, उसे फौरी तौर पर शुरु किया जाए ताकि लोगों को यह सहूलियत मुहैया हो सके।